## महत्वपूर्ण एवं खास

### जमीन बेचने इकरारनामा कर 12 लाख 61 हजार रुपये एडवांड लेने के बाद दूसरे को बेच दिया, धोखाधड़ी का मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। भूमि बेचने का सौदा कर इकरारनामा किया व 12 लाख 61 हजार रुपये एडवांस लेने के बाद जमीन दूसरे को बेच दिया। मामले की रिपोर्ट सिविललाईन थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार बी 80 कवितानगर खम्हारडीह निवासी राजेश आहूजा 41 वर्ष पिता रमेश आहूजा ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि 21 जून 2020 को अजय कुमार जैन पिता स्व.एनसी जैन ने प्रार्थी को ग्राम नरहदा स्थित अपनी .23 हेक्टेयर एवं 28 एकड़ भूमि बेचने एवं समतलीकरण करने का सौदा 52 लाख 11 हजार रुपये में तय कर इकरारनामा कर 12 लाख 61 हजार रुपये एडवांस लिया तथा बाद में इकरारनामा को न मानते हुए जमीन को दूसरे व्यक्ति को बेच दिया। घटना की शिकायत पर पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 420,418 के तहत अपराध कायम कर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

### मामुली विवाद पर चाकू मारकर चोट पहुंचाया,मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। घर के सामने बने प्लास्टर पर चलने मना करने पर दो लोगों को चाकू मारकर चोट पहुंचाया। मामले की रिपोर्ट पुरानीबस्ती थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार भीमनगर पुरानीबस्ती निवासी दुर्गेश सेन 18 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि प्रार्थी के घर के सामने नाली निर्माण का कार्य होने की वजह से घर के अंदर जाने के लिए नाली पर प्लास्टर करवाया है। 14 जून को रात 09 बजे वह अपने दोस्त के साथ घर पहुंचा तब नाली के ऊपर से रवि यारने जा रहा था इस पर प्रार्थी की मां ने मना किया जिस पर आरोपी गाली-गलौच करने लगा इस पर प्रार्थी ने उसे गाली देने से मना किया तो अभी सबक सिखाता हुं कहकर घर से चाकू लाकर प्रार्थी व उसके दोस्त राजनाग के उपर वार कर चोट पहुंचाया। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत,जांच में जुटी पुलिस

रायपुर (आरएनएस)। सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो जाने की सुचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा कार्यवाही में लिया है। वहीं मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत अपराध दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार रामनगर रावाभांठा निवासी रोहित बारिक 36 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि 06 जून को रात 02 बजे भनपुरी ब्लॉक 09 के पास एक व्यक्ति की सड़क हादसे में मौत हो जाने की सुचना पर मौके पर पहुंच खमतराई थाना पुलिस ने मामले की जांच में जुटी है। मृतक की उम्र करीब 25 से 30 वर्ष के आस-पास है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मर्ग कायम कर लाश की शिनाख्ती में जुटी है।

### ट्रक चालक के अचानक ब्रेक मारने की वजह से कार टकरायी, दो घायल

रायपुर (आरएनएस)। ट्रक चालक के द्वारा अचानक ब्रेक मारने की वजह से पीछे जा रही कार ट्रक से टकरा गई। जिसके चलते कार में बैठे दो लोग घायल हो गए। मामले की रिपोर्ट गोबरानवापारा थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम रुद्री धमतरी निवासी सतीश कुमार साहू 39 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि 09 जून को रात 08 बजे ग्राम तोरता तालाब के पास सामने जा रही ट्रक क्रमांक सीजी 06 एम 1097 के चालक ने अचानक ब्रेक मार दिया। इसके चलते प्रार्थी की कार पीछे से ट्रक से टकरा गई। जिससे कार में बैठी प्रार्थी की पत्नी व लड़का घायल हो गये।

# राज्य में खरीफ फसलों की बुआई शुरू : धान, तिलहन और साग-सब्जी की हो चुकी 13 हजार हेक्टेयर में बुआई

रायपुर (आरएनएस)। राज्य में बीते एक सप्ताह से सक्रिय मानसून के चलते खरीफ फसलों की बुआई तेजी से शुरू हो गई है। कृषि विभाग से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार किसान धान, अन्य अनाज के फसलों सहित तिलहन और साग-सब्जी की बुआई करने लगे हैं। अब तक 6 हजार 380 हेक्टेयर में धान, 1200 हेक्टेयर में अन्य अनाज की फसलों सहित 2 हजार हेक्टेयर में तिलहनी तथा 3140 हेक्टेयर में साग-सब्जी एवं अन्य फसलों की बुआई का काम पूरा कर लिया गया है। राज्य में खरीफ सीजन 2021 में 48 लाख 20 हजार हेक्टेयर रकबे में खरीफ फसलों की बुआई का लक्ष्य है। जिसमें 36 लाख 95 हजार 420 हेक्टेयर में धान, 3 लाख 60 हजार हेक्टेयर में अन्य अनाज की फसलें और 3 लाख 76 हजार 670 हेक्टेयर में दलहन, 2 लाख 55 हजार 490 हेक्टेयर में तिलहन तथा एक लाख 32 हजार 340 हेक्टेयर में साग-सब्जी एवं अन्य फसलों की खेती का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।



खरीफ सीजन 2021 के लिए खाद एवं बीज की किसानों को आपूर्ति की व्यवस्था सहकारी समितियों के माध्यम से की गई है। खरीफ की विभिन्न फसलों के बीज की कुल मांग 11 लाख 7 हजार 992 क्विंटल के विरूद्ध अब तक 4 लाख 92 हजार 364 क्विंटल बीज का भण्डारण किया जा चुका है, जो निर्धारित लक्ष्य का 52 प्रतिशत है। किसानों द्वारा अब तक 2 लाख एक हजार 187 क्विंटल बीज का उठाव कर लिया गया है, जो भण्डारण का 41 प्रतिशत है। फसल विविधीकरण को ध्यान में रखते हुए इस बार एक लाख 55 हजार 492 क्विंटल धान के अतिरिक्त अन्य खरीफ फसलों के बीज की व्यवस्था की गई है। खरीफ में 11 लाख 75 हजार मेट्रिक टन रासायनिक उर्वरक के वितरण के लक्ष्य के विरूद्ध 8 लाख 15 हजार 910 मेट्रिक टन खाद का भण्डारण तथा 2 लाख 578 मेट्रिक टन खाद का वितरण किया जा चुका है।

राज्य में जैविक खेती को बढ़ावा देने तथा रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता एवं कृषि लागत को कम करने के उद्देश्य से किसानों द्वारा जैविक खाद का भी उपयोग किया जा रहा है। गोधन न्याय योजना के तहत गौठानों में दो रूपए किलो में गोबर क्रय कर बड़ी मात्रा में वर्मी कम्पोस्ट एवं सुपर कम्पोस्ट खाद का उत्पादन किया जा रहा है। अब तक राज्य में 4 लाख क्विंटल से अधिक वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन गौठानों में किया गया है, जिसमें से एक लाख 82 हजार क्विंटल से अधिक वर्मी कम्पोस्ट सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों की मांग के अनुरूप आदान सहायता के रूप में प्रदाय किया गया है। इस साल खरीफ सीजन के लिए 5300 करोड़ रूपए कृषि ऋण के रूप में किसानों को उपलब्ध कराए जाने का लक्ष्य है। अब तक 1350 करोड़ रूपए से अधिक का ऋण किसानों को दिया जा चुका है।

## प्रदेश के अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम से लेकर कहीं-कहीं भारी बारिश की संभावना



रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में मानसून के प्रवेश के बाद से प्रदेश के कई स्थानों पर बारिश की संभावना बनी हुई है। अगले 24 घंटों के दौरान भी प्रदेश के अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना है। बारिश के दौरान कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की भी संभावना है। मौसम विभाग ने इसे लेकर अलर्ट भी जारी किया है।

स्थानीय मौसम विभाग के कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार पूरे प्रदेश में मानसून पहुंच गया है, जिसके कारण पिछले 24 घंटों के दौरान पौड़ी, उपरोड़ा, भैरमगढ़, कटघोरा, पखांजूर, शंकरगढ़, कोरबा, कांसाबेल, बीजापुर, रामानुजगंज, लखनपुर, सुकमा, पुसौर, कोंटा, छिंदगढ़, बड़ेराजपुर, सहसपुर, लोहारा, जशपुरनगर, शक्ति, साजा, मानपुर, राजिम, करतला, दंतेवाड़ा, खरसिया, कुनकुरी, पाली, मोहला , गरियाबंद, बागबाहरा, सिमगा समेत कई स्थानों पर आज हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई। प्रदेश में आज अधिकतम तापमानों में विशेष परिवर्तन नहीं हुए। सरगुजा व बिलासपुर संभागों में सामान्य से चिन्हांकित कम, रायपुर, बस्तर व दुर्ग संभागों में सामान्य से उल्लेखनीय कम रहे।

## ट्राईब्स इंडिया बिक्री केन्द्र के खुलने से आदिवासी आर्थिक रूप से होंगे सशक्त - राज्यपाल

» ट्राईफेड द्वारा जगदलपुर में खोले गए दो नये केन्द्रों का हुआ वर्चुअल शुभारंभ



रायपुर (आरएनएस)। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके आज यहां राजभवन में ट्राईफेड द्वारा ''संकल्प से सिद्धी-मिशन वन धन'' मुहिम तथा छत्तीसगढ़ राज्य के जगदलपुर में दो नये ट्राईब्स इंडिया बिक्री केन्द्र के वर्चुअल शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुई। राज्यपाल ने कहा कि जगदलपुर में ट्राईब्स इंडिया बिक्री केन्द्र के खुलने से राज्य के आदिवासी आर्थिक रूप से सशक्त होंगे। इससे संग्राहक से उद्यमी बनने का संकल्प भी पूरा होगा तथा आदिवासियों का जीवन स्तर अच्छा होगा। उन्होंने कहा- मेरे छत्तीसगढ़ राज्य पर सदैव ऐसे ही आशीर्वाद बनाएं रखें, जिससे मेरा छत्तीसगढ़ राज्य तेजी से प्रगति करे और सर्वोच्च शिखर पर पहुंचे। कार्यक्रम को जनजातीय मामलों के केन्द्रीय मंत्री श्री अर्जुन मुण्डा एवं केन्द्रीय राज्य मंत्री श्रीमती रेणुका सिंह ने भी संबोधित किया।

राज्यपाल ने कहा कि हमारा छत्तीसगढ़ एक आदिवासी बाहुल्य राज्य है। साथ ही वन संसाधनों से भी भरपूर है। आदिवासियों की आजीविका मूलतः वन तथा वनोपज पर आधारित रहती है। क्योंकि आदिवासी प्रकृति पूजक होते हैं और प्रकृति के अनुरूप जीवन यापन करते हैं। अतः उन्हें वनों में पाए जाने वाले वन उत्पादों और जड़ी-बुटियों की अच्छी जानकारी होती है। इसकी मेडिसिनल वेल्यू भी अच्छी होती है। आदिवासी जन्म से हूनरमंद होते हैं। ईश्वर ने उनके हाथ में किसी कला कृति को गढ़ने और बनाने की शक्ति प्रदान की है। जिस वस्तु को हाथ लगाते हैं उसमें एक अद्भुत सौंदर्य आ जाता है। मगर स्थानीय स्तर पर उनके कला कृतियों को अच्छी कीमत नहीं मिल पाती है। परन्तु राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में इसकी कीमत हजारों लाखों में होती है। उन्होंने कहा कि ट्राईफेड द्वारा यह केन्द्र खोलने पर आदिवासियों को अपने उत्पादों को बेचने का अच्छा केन्द्र उपलब्ध हो जाएगा, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी और उनके जीवन स्तर में सुधार होगा।

## मुख्यमंत्री आज सूरजपुर और कोरिया जिले में 460.14 करोड़ रूपए के 367 कार्यों का करेंगे लोकार्पण-भूमिपूजन

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 16 जून बुधवार को दोपहर 12 बजे अपने रायपुर निवास कार्यालय में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में सूरजपुर और कोरिया जिले में 460 करोड़ 14 लाख 14 हजार रूपए की लागत के 368 कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन करेंगे। इनमें 184 करोड़ 28 लाख 75 हजार रूपए की लागत के 187 कार्यों का लोकार्पण और 275 करोड़ 85 लाख 39 हजार रूपए की लागत के 180 कार्यों का भूमिपूजन शामिल है।

मुख्यमंत्री बघेल सूरजपुर जिले में 244 करोड़ 40 लाख रूपए के 123 विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन करेंगे। इनमें 82 करोड़ 71 लाख रूपए की लागत के 34 कार्यों का लोकार्पण और 161 करोड़ 69 लाख रूपए की लागत के 89 कार्यों का भूमिपूजन शामिल है।

इसी तरह मुख्यमंत्री कोरिया जिले में 215 करोड़ 73 लाख 40 रूपए के 245 विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन करेंगे। इनमें 101 करोड़ 57 लाख 75 हजार रूपए के 154 कार्यों का लोकार्पण और 114 करोड़ 16 लाख 39 हजार रूपए के 91 कार्यों का भूमिपूजन शामिल है।

सूरजपुर जिले के मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा 28.50 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए 264 जी.ए.डी. भवन, सिलौटा जलाशय लागत 6 लाख 40 हजार रूपए, जल जीवन मिशन के तहत 162 सोलर ड्यूल पंप की स्थापना लागत 16 करोड़ रूपए, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कन्दरई लागत 7 लाख रूपए के लोकार्पण के साथ ही लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत 78.68 करोड़ के 52 कार्यों, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत 90.43 करोड़ के 57 कार्यों, राज्य कृषि विपणन बोर्ड के लिए मंडी प्रांगण प्रतापपुर में 5400 मेट्रिक टन गोदाम निर्माण, महामाया सहकारी शक्कर कारखाना केरता में 20 हजार मेट्रिक टन क्षमता के गोदाम निर्माण और 5000 मेट्रिक टन क्षमता का मोलासिस टैंक निर्माण लागत 9.52 करोड़ का लोकार्पण-भूमिपूजन षामिल है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल कोरिया जिले में 35 करोड़ 43 लाख 62 हजार रूपये की लागत के 9 सड़कों एवं पुल-पुलियों, 33 करोड़ 29 लाख 40 हजार रूपये की लगात से 3 सोलर पंप एवं सोलर हाई मास्ट, 10 करोड़ 79 लाख 40 हजार रूपए की लागत के औद्योगिक क्षेत्र परसगढ़ी-मनेन्द्रगढ़ सहित कई अन्य विकास कार्य शामिल हैं।

## मां की अस्थी विसर्जन के लिए पत्नी मायके गई तो दामाद ने कर दी ससुर की पिटाई,मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। पत्नी का देहान्त हो जाने पर अस्थी विसर्जन करने जाने के लिए बेटी को पिता ने घर बुलाया तो दामाद ने गाली-गलौच कर ससुर व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मारपीट कर चोट पहुंचाया। मामले की रिपोर्ट पुरानीबस्ती थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार गजराज चौक महामाईपारा पुरानीबस्ती निवासी राजेन्द्र कुमार दुबे 64 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि प्रार्थी की पत्नी का 18 अप्रैल 2021 को हार्ट अटैक से निधन हो गया था। अस्थी विसर्जन करने प्रयागराज जाने के लिए अपनी लड़की शिवांगी शुक्ला व आस्था मिश्रा को ससुराल से घर बुलाया था। इसी बात को लेकर 14 जून को दोपहर 3 बजे प्रार्थी का दामाद रवि मिश्रा 40 वर्ष पिता राजेन्द्र कुमार मिश्रा रोहणीपुरम डीडीनगर निवासी ने आस्था को बार-बार घर क्यो बुलाते हो कहकर गाली-गलौच कर जाने से मारने की धमकी देकर मारपीट करने लगा। इसे देख बड़ी बेटी शिवांगी एवं भतीजा बीच बचाव करने आया तब आरोपी ने उनके साथ भी मारपीट किया। घटना की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

## राज्य में खाद, बीज और कीटनाशक औषधि की गुणवत्ता नियंत्रण के लिए जांच-पड़ताल अभियान जारी

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशा अनुरूप कृषि विभाग द्वारा रासायनिक उर्वरकों, बीज एवं कीटनाशक औषधि की गुणवत्ता पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे के निर्देशन में कृषि विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी अपने-अपने इलाकों में लगातार दबिश देकर बीज, खाद और कीटनाशक औषधियों के सैम्पल ले रहे हैं, जिसकी जांच गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला में की जा रही है।



कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार खरीफ सीजन 2021 में बीज के अब तक 1203 नमूने लिए गए हैं, जिसमें से 927 नमूनों का विश्लेषित किए जा चुके हैं, जबकि 276 नमूनों की जांच जारी है। उक्त नमूनों में 919 नमूने मानक स्तर के तथा 8 नमूने अमानक पाए गए है। इसी तरह रासायनिक उर्वरकों की गुणवत्ता की जांच-पड़ताल के लिए कृषि विभाग के उर्वरक निरीक्षकों द्वारा 825 नमूने विभिन्न संस्थानों से लिए गए हैं। जिसमें से 349 नमूनों की जांच की जा चुकी है। 476 नमूनों की जांच जारी है। रासायनिक उर्वरकों के विश्लेषित सैम्पल में से 333 मानक स्तर के तथा 16 अमानक पाए गए हैं। अमानक बीज एवं खाद के विक्रय को विभाग द्वारा प्रतिबंधित किए जाने के साथ संबंधित संस्थाओं को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। कृषि विभाग की टीम कीटनाशक औषधियों के गुणवत्ता को लेकर भी सजग है। अब तक 23 सैम्पल विभिन्न फर्मो से कलेक्ट किए गए हैं, जिसकी जांच की जा रही है। अब तक राज्य में बीज के आठ नमूने तथा रासायनिक उर्वरक के 16 नमूने अमानक पाए गए हैं, जिनके विक्रय पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया गया है।

## प्रिंटिंग प्रेस का काम कर महिलाओं ने कमाए लाखों रूपए

रायपुर (आरएनएस)। घरेलू कामकाज मे ही व्यस्त रहने वाली महिलाएं अब कुछ कर गुजरने की ललक और अपनी इच्छाशक्ति की बदौलत अपने सपनों को आकार दे रही है। उनके इस सपनों को पूरा करने में राष्ट्रीय आजीविका मिशन बिहान पूरी मदद कर रहा है। सफलताओं के ऐसे कई किस्से मौजूद है जो आम लोगो को प्ररित कर रही है। जिला कबीरधाम के ग्राम राजानवागांव और आसपास गांव के दस महिलओं द्वारा निर्मित गौरी कृपा स्व. सहायता समूह ने प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रिंटिंग प्रेस की शुरूआत की। महज 6 महीने में ही समूह ने 3 लाख 41 हजार 628 रूपए का व्यवसाय किया, जिसमें उसे लगभग एक लाख तीस हजार रुपए का लाभ हुआ।



इस महिला समूह को प्रिंटिंग प्रेस के कामकाज के लिए प्रशिक्षण देकर राजानवागांव में संचालित भोरमदेव आजीविका परिसर से जोड़ा गया। कामकाज शुरू करने के महज छः माह के भीतर इस समूह को जिले के लभगभ पांच सौ से अधिक महिला समूहों द्वारा उपयोग में आने वाली रजिस्टर और अन्य स्टेशनरी तैयार करने का आर्डर मिला। समुह ने कड़ी मेहनत कर पांच प्रकार के रजिस्टर का बाइंडिंग, पिनिंग, नंबरिंग, कटिंग, बैठक की कार्यवाही पुस्तिका, लेनदेन पत्रक, लेजर रजिस्टर, मासिक प्रतिवेदन और व्यक्तिगत सदस्य पासबुक तैयार की। गौरी कृपा महिला स्वसहायता समूह ने अपने सभी आर्डर समय पर पूरे किए। इस काम से समूह को लगभग एक लाख तीस हजार रूपए की शुद्ध आमदनी हुई है। गौरी कृपा महिला स्वसहायता समूह की अध्यक्ष श्रीमती शोमी वास ने कवर्धा में आयोजित 224 करोड़ 74 लाख रूपए के लोकार्पण और भूमिपूजन कार्यक्रम के दिन वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से वनटूवन बात करते हुए अपने प्रिंटिंग प्रेस के काम-काज की जानकारी दी थी। उन्होंने मदद के लिए छत्तीसगढ़ सरकार और मुख्यमंत्री बघेल के प्रति आभार व्यक्त किया था।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठन सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री त्यागराज श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य तथा में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुंचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूर्धन्य [illegible] पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU